हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार, 3 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

10 शहर में विकसित होगा वेस्ट टू वंडर पार्कः रजा


10 एक छत के नीचे होंगे नपा में अब काम


## खबर संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**जींद।** दिल्ली-बठिंडा रेलमार्ग पर सोमवार रात बरसोला स्टेशन के पास एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस पहुंची और शव को नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। मृतक की पहचान दरियावाला निवासी 21 साल दीपांशु के तौर पर हुई है। जीआरपी को सूचना मिली थी कि बरसोला स्टेशन के पास युवक ट्रेन की चपेट में आ गया।

### दो तस्करों से 230 ग्राम चरस बरामद

**कैथल।** नशा तस्करों पर पुलिस द्वारा लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। इसी कड़ी में एंटी नारकोटिक्स सेल द्वारा गांव गुलियाना से 2 नशा तस्करों को काबू कर लिया, जिनके कब्जे से 230 ग्राम चरस/सुल्फा बरामद किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी एसआई राजबीर सिंह की अगुवाई में एसआई बलराज सिंह की टीम को सूचना मिली थी।

### दुकान का ताला तोड़कर सामान चुराया, केस दर्ज

**जींद।** गांव ढाकल के निकट से बीती रात चोरों ने दुकान का ताला तोड़ कर मोबाइल बैटरी, चार्जर समेत सामान को चोरी कर लिया। सदर थाना नरवाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव सुदकैन कलां निवासी गुरमीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने गांव ढाकल के निकट मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान खोली हुई है।

### 1260 बोतल बीयर सहित आरोपी काबू, गाड़ी जब्त

**कैथल।** थाना तितरम पुलिस द्वारा गाड़ी में अवैध शराब तस्करी कर रहे एक आरोपी को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना तितरम पुलिस के एचसी अजय कुमार की टीम सुबह के समय गुप्त सूचना के उपरांत तितरम मोड़ पर नाकाबंदी कर संदिग्ध बोलेरो गाड़ी सहित आरोपी राजेंद्र को काबू कर लिया गया। जांच दौरान आरोपी के कब्जे से गाड़ी में 105 पेटियों से 1260 बोतल बीयर बरामद हुई।

### भूमि की सौदेबाजी कर रुपये हडपने का आरोपित दबोचा

**जींद।** सदर थाना सफीदों पुलिस ने जमीन की सौदेबाजी का झांसा देकर साढ़े 19 लाख रुपये हडपने के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। गांव खेड़ाखेमावती निवासी ईश्वर ने छह सितंबर 2024 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उनके गांव के एक ही परिवार की प्रो. राजेंद्र रामचंद्र के नाम से फर्म है।

### बोलेरो की चपेट में आने से बाइक सवार दो घायल

**कैथल।** कस्बा कलायत में बोलेरो की चपेट में आने से बाइक सवार दो व्यक्ति घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया है। गांव कुराड के सुभाष ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 31 अगस्त को वह सुनील उर्फ मुनीम के साथ बाइक पर सवार होकर कलायत के मटोर रोड से जा गाड़ी को तेज गति और लापरवाही से चलते बाइक को टक्कर मार दी।

### मारपीट में एक युवक घायल, शिकायत दर्ज

**कैथल।** कैथल की डिफेंस कॉलोनी में हुई मारपीट में एक युवक घायल हो गया। अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। क्योडक बस्ती कैथल के सोनू ने सिविल लाइन पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 24 अगस्त को डिफेंस कॉलोनी की गली नंबर 9 से गुजर रहा था तो प्रदीप ने साथियों के साथ मिल मारपीट कर घायल कर दिया।

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** ट्रक चालक का फोन व पर्स चोरी कर 3.9 लाख रुपये की धोखाधड़ी के मामले की जांच थाना साइबर क्राइम प्रभारी पीएसआई शुभ्रांशु की अगुवाई में एएसआई नरेश कुमार की टीम द्वारा करते आरोपी गांव पाई निवासी विक्रम को काबू कर लिया।

*लगातार कई दिनों से रुक-रुक कर जारी रहा बारिश का सिलसिला, टपकने लगी मकानों की छतें*

# बरसात ने किसानों के साथ आमजन को भी किया हलकान

### मौसम में आद्रता 96 प्रतिशत तथा हवा की गति 18 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जिले में मानसून की सक्रियता के चलते बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले दो दिनों से हो रही रूक-रूक कर हो रही बारिश ने किसानों के साथ आमजन को हलकान कर दिया है। फसलों में बरसाती पानी का लेवल बढ़ रहा है तो मकान भी टपकने लगे हैं। मंगलवार को दिनभर रूक-रूक बारिश तथा फुहारों का सिलसिल चलता रहा। बारिश के चलते उचाना तथा सफीदों में कुछ स्थानों पर जलभराव के हालात पैदा हो गए। जिसके चलते लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पडा। जिले मे मंगलवार को औसतन 38.14 एमएम बारिश दर्ज की गई। सबसे ज्यादा बारिश 52 एमएम बारिश सफीदों तथा उचाना में दर्ज की गई। मंगलवार को अधिकतम तापमान 27 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 24 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 96 प्रतिशत तथा हवा की गति 18 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। आकाश में बादल घुमड़ते रहे और फुहार भी गिरती रही। मौसम के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान आकाश में बादल छाए रहने तथा बारिश की संभावना है।

दूसरे दिन भी गिरती रही फुहार, तेज बारिश भी हुई पिछले दो दिनों से जिले में रूक-रूक कर बारिश तथा फुहारों का सिलसिला लगातार जारी है। रातभर बारिश की फुहार गिरती रही। मंगलवार को दिन का आगाज आकाश में छाए बादलों तथा गिरती फुहारों के साथ हुआ। रूक-रूक कर यह सिलसिला दिनभर जारी रहा। जिसके चलते मौसम सुहाना बना रहा। मगंलवार का जींद में 30 एमएम, नरवाना 33 एमएम, सफीदों में 52 एमएम, जुलाना 31 एमएम, उचाना में 52 एमएम, पिल्लूखेड़ा में 32 एमएम, अलेवा में 37 एमएम बारिश दर्ज की गई। देर शाम तक फुहारों के साथ बारिश का सिलसिला जारी रही। फुहारो से मकानो की छत लगी टपकने, लोग परेशान जिले में पिछले दो दिनों से बारिश के साथ फुहारों के पड़ने का दौर जारी है। जिसके चलते मकानों की छतें टपकने लगी हैं।

लोगों का कहना है कि मकानों की छतों के लिए फुहार खतरनाक है। जो सीधे छत में गड़ रही है। कच्ची छतें जवाब दे गई हैं। ऐसे ही हालात रहे तो लेंटर की छतें भी टपकने लगेंगी। बारिश को देखते हुए लोगों को पॉलीथिन खरीद कर ले जाते देखा गया। बारिश ने लोगों की परेशानी को भी बढा दिया है।

### सफीदों तथा उचाना में 52 एमएम बारिश


उचाना। कपास की फसल में बारिश के बाद जलभराव। फोटो :हरिभूमि

#### बारिश ने बिगाड़े किसानों के समीकरण

लगातार बारिश ने किसानों के समीकरण बिगाड़ दिए हैं। नरवाना, पिल्लूखेड़ा, जुलाना के तीन दर्जन के लगभग गांवों के खेतों में फसलें पानी मे डूबी हुई हैं। पानी की निकासी भी की जा रही है लेकिन बारिश से हालात बदतर होते जा रहे हैं। बारिश ने किसानों को आंसू बहाने को मजबूर कर दिया है। कुछ स्थानों पर तीन से चार फूट तक फसलों में पानी खड़ा हुआ है। बारिश के साथ फसल डूबने के इलाके में भी इजाफा हो रहा है। लगभग छह हजार एकड़ फसलें पानी की चपेट में आ चुकी हैं। किसानों का कहना है कि ऐसे ही बारिश होती रही तो उनकी बची हुई फसल भी चौपट हो जाएगी। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि अगले 24 घंटों के दौरान आकाश में बादल छाए रहने के साथ बारिश की संभावना बन रही है। बारिश को लेकर अर्लट भी जारी किया है। किसान कृषि से संबंधित कार्य मौसम को ध्यान मे रख कर करें।



लगातार हो रही बारिश से जलमग्न धान फसल व छत को टपकने से बचाने के लिए डाला गया पॉलीथिन।

#### 22500 एकड़ में कपास की फसल खराब होने की संभावना

**उचाना।** बारिश से उचाना नरवाना क्षेत्र में कपास की फसल को सबसे अधिक नुकसान होने की संभावना है। धान, बाजरा की फसल को भी खेतों में जलभराव से नुकसान होने की संभावना कृषि विभाग द्वारा बनाई गई रिपोर्ट में दर्ज की है। कृषि विभाग के एसडीओ सुनील दलाल ने बताया कि उचाना, नरवाना क्षेत्र के गांवों के टीम द्वारा दौरा करके लगातार बारिश से खेतों में हो रहे जलभराव से नुकसान की रिपोर्ट तैयार की है। उचाना क्षेत्र में 82265 एकड़ में धान की बिजाई की है। 200 एकड़ के करीब में जलभराव होने से नुकसान होने की संभावना है। कपास की 22875 एकड़ में बिजाई की है। 10 हजार एकड़ में कपास की फसल के खराब होने की संभावना है। 4515 एकड़ में बाजरा की फसल में से एक हजार एकड़ में खराब होने की संभावना है।

#### 105000 एकड़ में धान की बिजाईः दलाल

दलाल ने बताया कि नरवाना क्षेत्र में 105000 एकड़ में धान की बिजाई की है। दो हजार एकड़ के करीब में जलभराव होने से नुकसान होने की संभावना है। कपास की 12500 एकड़ में बिजाई की है। 12500 हजार एकड़ में कपास की फसल के खराब होने की संभावना है। दो हजार एकड़ में बाजरा की फसल में से 700 एकड़ में खराब होने की संभावना है। दलाल ने किसानों से अपील है कि जिन किसानों ने फसल बीमा योजना के तहत अपनी कपास, बाजरा का बीमा करवाया है, वे टोल फ्री नंबर 14447 पर अपने नुकसान के बारे में शिकायत दर्ज करवाए ताकि जो फसल खराब हुई है, उसका कलेम मिल सकें। जिन किसानों ने बीमा नहीं करवाया है वो क्षतिपूर्ति पोर्टल खुलने पर अपना पंजीकरण करवाए।

## भाटिया के किसानों ने प्रशासन को जमकर कोसा

### अपने दम पर बांध को मजबूत करने में जुटे किसान, नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला चीका

जुलाहखेड़ी गांव में टूटा बांध अब हरियाणा के किसानों के सामूहिक प्रयास के तहत मरम्मत की जा रही है। यह बांध दो दिन पहले टूट गया था, जिसके कारण आसपास के खेतों में पानी भर गया और फसलों को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया। प्रशासन की निष्क्रियता को देखते हुए किसानों ने स्वयं मोर्चा संभालने का निर्णय लिया और युद्धस्तर पर मरम्मत कार्य शुरू कर दिया। किसान यह कार्य तब कर रहे हैं, जब प्रशासन को इसे दो महीने पहले करना चाहिए था। स्थिति इतनी गंभीर होने के बावजूद किसानों को खुद ही इसे पूरा करना पड़ रहा है। जब किसान बांध की मरम्मत में जुटे थे, तब पटियाला, पंजाब के एसडीएम और पुलिस ने हरियाणा में किसानों के कार्य को रोकने का प्रयास किया।

लगभग 150 किसान इस प्रयास में शामिल थे, लेकिन पंजाब का प्रशासन न तो कोई ठोस कदम उठा रहा है और न ही आम लोगों को कुछ करने की अनुमति दे रहा है। इसी बीच, भाटिया गांव के किसान बिना किसी प्रशासनिक सहयोग के अपने दम पर बांध को मजबूत करने में लगे हैं। उल्लेखनीय है कि 2023 में इसी क्षेत्र में आई बाढ़ ने जमकर तबाही मचाई थी, लेकिन तब से अब तक प्रशासन का कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।


गुहला चीका। जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

#### डीसी से लगाई गुहार

किसानों ने डीसी से प्रार्थना कि हमें हर बार बाढ़ का संताप झेलना पड़ता है। अगर हरियाणा बार्डर पर खोली के साथ साथ बांध बना दिया जाए तो बाढ़ की समस्या नहीं आएगी। इस बारे डी सी मैडम ने किसानों को आश्वासन दिया कि उनकी मांग पर ध्यान दिया जाएगा। मैडम ने कहा इस कुदरती मार पर प्रशासन किसानों के साथ है। इस मौके एस डी एम प्रवेश सिंह व सभी प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

#### क्यों नजरअंदाज किया

समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए किसानों ने आशंका जताई कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो टूटा हुआ बंद गुहला हल्का क्षेत्र के सैकड़ों गांवों में पानी भर देगा। इससे हजारों एकड़ फसल बर्बाद हो सकती है और लोगों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसानों ने प्रशासन से सवाल किया है कि जब जलस्तर पहले से बढ़ रहा था, तब इस संभावित खतरे को क्यों नजरअंदाज किया गया।

#### स्थिति चिंताजनक

किसानों की पहल ही अब गांव को संकट से बचा रही है। वहीं हल्का गुहला के घघर नदी के साथ लगते सैकंडो गांव को अभी तक कोई नुकसान नहीं हुआ है फिर भी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। किसानों ने प्रशासन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाते हुए कहा है कि अगर बांध टूटा, तो प्रशासन के पास पानी रोकने के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। किसानों का कहना है कि मिट्टी से भरे सौ कट्टों से तेज बहाव वाले पानी को रोका नहीं जा सकता। घग्घर नदी का जलस्तर खतरे के निशान से मात्र डेढ़ फुट नीचे है, जो आने वाले संकट की स्पष्ट चेतावनी है।


उचाना। डूमरखां के शिव मंदिर में आयोजित मीटिंग।

#### बाढ़ पीड़ितों का सहारा बनेंगे बांगर के गांव

**उचाना।** उचाना के गांव के ग्रामीण बाढ़ पीड़ित के लिए कर रहे है सामग्री एकत्रित उचाना रू पंजाब में बाढ़ ने तबाही मचा रखी है। इस संकट की घड़ी में बांगर क्षेत्र के गांवों के ग्रामीण भाईचारे और इंसानियत की मिशल पेश कर रहे है। पंजाब में आई बाढ़ के बाद बाढ़ पीड़ितों का सहारा बांगर के गांव बन रहे है। डूमरखा कलां के शिव मंदिर में गांव के प्रमुख लोगों की मीटिंग की हुई। वक्ताओं ने कहा कि बाढ़ से पंजाब के कई जिले प्रभावित है। ऐसे में हमारा फर्ज बनता है कि हम अधिक से अधिक मदद करें। फैसला लिया गया कि 500 रुपये प्रति कुड़ी (परिवार) एकत्रित किए जाएंगे। इस राशि से पीने का पानी, दवा, मच्छरदानी, सूखा सामान के साथ-साथ पशुओं के लिए तूड़ा एकत्रित की गई राशि से पहुंचाया जाएगा। पहले टीम गांव से गई है ताकि पता कर सकें कि कहा-कहा जरूरत अधिक है।

#### सड़क पर जलभराव-गड्ढे बने सिरदर्द

**सीवन।** पिछले कई दिनों से जारी बरसात ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। नगर की गलियों और मुख्य मार्गों की हालत बेहद खराब हो चुकी है। जगह-जगह बने गहरे गड्ढों ने लोगों की आवाजाही मुश्किल कर दी है। कैथल-पटियाला मुख्य मार्ग, जो पहले से ही खस्ताहाल था, अब और भी खराब स्थिति में पहुंच गया है। नगर के डी ए वी स्कूल से लेकर बिजली बोर्ड तक के रास्ते पर इतने गहरे गड्ढे बन चुके हैं कि उनमें से गुजरना बेहद कठिन हो गया है। इन गड्ढों में बरसात का पानी भर जाने से वाहन चालकों को गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता और दोपहिया वाहन चालक इसमें गिरकर घायल हो रहे हैं। वहीं, बड़े वाहन जब इन गड्ढों से गुजरते हैं तो आसपास खड़े लोगों पर पानी की छींटे पड़ जाते हैं। क्षेत्र का मुख्य मार्ग भी सबसे ज्यादा जर्जर स्थिति में है।


सीवन। कैथल पटियाला मुख्य मार्ग की खस्ता हालत

## पटियाला प्रशासन के साथ तालमेल बनाकर समस्या के समाधान करने के आदेश दिए

- उपायुक्त ने किया अधिकारियों के साथ घग्गर पार के गांवों का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका

डीसी प्रीति ने लगातार बारिश व घग्गर के जलस्तर को देखते हुए मंगलवार को क्षेत्र का दौरा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए। घग्गर नदी जिले में इस समय खतरे के निशान से नीचे बह रही है। सायं 4 बजे घग्घर गेज का लेवल 21.7 फुट है। जिले में स्थिति अभी तक नियंत्रण में है। डीसी ने एहतियातन दौरा कर घग्गर पार के गांवों में स्थिति का जायजा लिया। वे लोगों से मिलीं। जहां उनसे जमीनीं हालात जानें। उन्होंने पंजाब बॉर्डर के निकट के गांवों के लोगों द्वारा दी जानकारी के बाद एसडीएम गुहला को निर्देश दिए कि वे पंजाब के पटियाला जिला के समकक्ष अधिकारियों के साथ इस क्षेत्र में संयुक्त दौरा करें। साथ ही डीसी ने घग्गर पार के गांवों सिहाली, रत्ताखेड़ा, अरनौली, पपराला, मंझहेड़ी, मैगड़ा, बुड़नपुर में उन क्षेत्रों का दौरा किया।


गुहला-चीका। डीसी प्रीति गुहला क्षेत्र के बाढ प्रभावित क्षेत्र का दौरा करते।

## कैथलः नहीं थम रहा बरसात का सिलसिला

- मौसम विशेषज्ञ के मुताबिक प्रदेश में बारिश का सिलसिला 06 तक जारी रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

पिछले एक सप्ताह से हो रही बारिश मंगलवार को भी जारी रही। जिले में दिन के बाद भारी बारिश होने से जनजीवन प्रभावित हो गया। आगामी तीन दिनों तक ओर से मानसून सक्रिय रहने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार सितंबर महीने में भी बारिश का सिलसिला बना रहेगा। लोगों को अभी बारिश से राहत मिलने वाली नहीं है। मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पश्चिमी विक्षोभ के असर से जिले में मंगलवार को भी बारिश का सिलसिला जारी रहा। मौसम विशेषज्ञ के मुताबिक प्रदेश में बारिश का सिलसिला छह सितंबर तक जारी रहेगा। वहीं, बारिश के कारण विभिन्न स्थानों पर जलभराव होने से लोगों को आवागमन के दौरान परेशानियों का सामना करना पड़ा। बारिश का पानी मुख्य बाजारों और कॉलोनियों की गलियों में भर गया, जिससे लोगों को के लिए परेशानी का सामना करना पड़ा। खासकर निम्न इलाकों और नालों के पास रहने वाले लोग पानी भरने से परेशान रहे। मौसम विभाग के अनुसार दिन का अधिकतम तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



कैथल। चल रही बरसात के बीच गुजरते वाहन। फोटो :हरिभूमि

#### बारिश का अलर्ट जारी

बारिश के बाद तापमान में गिरावट आई, जिससे मौसम सुहाना हो गया। मंगलवार को हवा चलने से खुशनुमा बना रहा दोपहर तीन बजे से देर शाम तक चली रिमझिम बारिश ने मौसम और भी सुहावना बना दिया। पूरा दिन आसमान पर घने काले बादल छाए रहे। वहीं, मौसम विभाग ने तीन दिन भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। काले बादलों के कारण सुबह का समय भी शाम सा प्रतीत हुआ। दिनभर मौसम सुहावना बना रहा। इस दौरान शहर की सड़कों व बाजारों में काफी रौनक रही। वहीं, शाम को मुख्य बाजारों व सड़कों पर काफी भीड़ देखने को मिली।

### बरसात से सब्जियां खराब होने के कारण दामों में आई वृद्धि

# सब्जियों के दाम में 30 रुपये तक आया उछाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

बारिश के चलते सब्जियों की मंडी में पहुंच कम हो रही है। इसके अलावा बरसात में सब्जियां खराब होने के कारण इनके रेट में भी बढ़ौतरी हुई है। टमाटर को छोड़कर सभी तरह की सब्जियों के दाम में 10 से 30 रुपये तक अलग-अलग उछाल आया है। इसके कारण मंडी में आढ़तियों को भी नुकसान हो रहा है। बरसात से जहां आमजन को गर्मी से राहत मिली है वहीं सब्जियों में आई महंगाई की गर्मी हर गृहणी को मार रही है। सब्जियों के दाम में काफी उछाल आया है। इससे आमजन का बजट बिगड़ता जा रहा है। सब्जी विक्रेता दलबीर व मुकेश का कहना है कि बरसात के कारण सब्जी खराब हो जाती है। इसके चलते मंडी में सब्जी की आवक कम है। ज्यादातर सब्जी दूसरे राज्यों से आती हैं। इसके चलते रेट में पहले से तेजी आ गई है। पंजाब व हिमाचल की तरफ से आने वाली सब्जियों में कमी आई है। पिछले एक सप्ताह पहले तक सब्जियों के दाम सामान्य थेए लेकिन पहाड़ों में बरसात के चलते उसका असर जींद में भी देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जो लोग सब्जी एक किलो के हिसाब से लेकर जाते थे। अब वह आधा किलो ही लेकर जा रहे हैं। क्योंकि सब्जियों के बढ़ गए।

#### बरसात से पैदावार कम हो रही

सब्जी मंडी के प्रधान मोहित ने बताया कि बरसात का ज्यादा प्रभाव सब्जी पर पड़ रहा है। बेलदार सब्जी का फल बरसात में गिरने के कारण पैदावार कम हो रही है। दूसरे राज्यों से आने वाली सब्जी भी कम आ रही है। इसके कारण सब्जी के रेट बढ़ रहे हैं। आगामी कई दिन मंडी में सब्जी के रेट बढ़ने की संभावना बनी रहेगी।

#### महंगाई से रसोई का बजट बिगड़ा

सब्जियों की फसल में बरसात से काफी नुकसान हुआ है। इसके चलते सब्जी मंडी में सब्जी की आवक काफी कम हो गई है और इससे दाम में बढ़ोतरी हुई है। सब्जी मंडी में सब्जी लेने के लिए आई कविता ने बताया कि पहले जो सब्जी 500 रुपये की आती थी, अब वह 800 रुपये तक आ रही है। सब्जियों की महंगाई के चलते उनकी रसोई का बजट बिगड़ गया है।

#### बढ़े दाम

| सब्जी | अब | पहले |
|---|---|---|
| घीया | 40 | 30 |
| तोरी | 55 | 40 |
| शिमला मिर्च | 110 | 80 |
| भिंडी | 40 | 40 |
| अरबी | 40 | 30 |
| करेला | 55 | 40 |
| बैंगन | 60 | 40 |
| टमाटर | 50 | 40 |
| फूलगोभी | 90 | 60 |
| बंद गोभी | 40 | 20 |
| खीरा | 35 | 20 |

## नशा तस्करी के जुर्म में दोषी को छह साल कैद

- अदालत ने दस हजार रुपये जुर्माना भी लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जसवीर सिंह की अदालत ने नशा तस्करी के जुर्म में दोषी को छह साल कैद व दस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार 16 सितंबर 2019 को डिटेक्टिव स्टाफ कर्मियों को सूचना मिली थी कि ओम नगर निवासी शीशदीप नशीले पदार्थों का कारोबार करता है और मकान के बाहर थैला लेकर नशीला पदार्थ बेच रहा है। सूचना पाकर जब पुलिस पहुंची तो पुलिसकर्मियों को देखकर शीशदीप भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने पीछा कर धर दबोचा। कब्जे से 1.100 किलो ग्राम गांजा तथा 400 रुपये की नगदी बरामद हुई। शहर थाना पुलिस ने शीशदीप के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया था। तभी से मामला कोर्ट में विचाराधीन था। मंगलवार को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जसवीर सिंह की अदालत ने शीशदीप को नशा तस्करी के जुर्म में छह साल कठोर कारावस व दस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

## खबर संक्षेप

### 54वां आंखों का मुफ्त आपरेशन कैंप कल

**जींद।** लायंस क्लब जींद सिटी द्वारा चार सितंबर को 54वां आंखों का मुफ्त ऑप्रेशन कैंप का आयोजन किया जाएगा। प्रधान लायन विकास मित्तल ने बताया कि क्लब आंखों में सफेद मोतिया के ऑपरेशन का 54वां निशुल्क कैंप आगामी स्थानीय सेवा सदन नजदीक हिंदू कन्या महाविद्यालय में आयोजित करने जा रही है। इसमें गुरुग्राम स्थित इंदिरा गांधी आई हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के डॉक्टरों के द्वारा जींद में स्क्रीनिंग की जाएगी।

### वार्षिक अंशदान का 31 तक करें भुगतान

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा चिरायु आयुष्मान भारत योजना चलाई जा रही है। योजना के तहत जिन परिवारों की वार्षिक वेरीफाइड आय एक लाख 80 हजार रुपये से कम है, उन्हें इस महत्वाकांक्षी योजना का निशुल्क लाभ दिया जाता है। वहीं जिन परिवारों की वार्षिक आय 1.80 लाख से ज्यादा तीन लाख तक है, उन्हें चिरायु विस्तार योजना के तहत केवल 1500 रुपये प्रीमियम की अदायगी के साथ योजना का लाभ ले सकते हैं।

### दो लोगों के बाड़े से चार भैंस तथा कटड़ी चोरी

**जींद।** गांव मलिकपुर से बीती रात चोरों ने दो पशुबाडों से चार भैंस तथा एक कटड़ी की चोरी कर लिया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने पशुपालकों की शिकायतों पर मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव मलिकपुर निवासी भूपेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उसके पशुबाड़े का ताला तोड़ कर दो भैंस तथा एक कटड़ी को चोरी कर लिया। वहीं गांव मलिकपुर निवासी विजेंद्र के पशुबाड़े से चोरों ने दो भैंस को चोरी कर लिया।

### निक्षय मित्र बनकर टीबी उन्मूलन में सहयोग करें

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम पूरे देश में चलाया जा रहा है। डीसी ने कहा कि निक्षय मित्र योजना, प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान का एक हिस्सा है। जिसका उद्देश्य टीबी रोगियों को पोषण, अतिरिक्त निदान और व्यावसायिक सहायता प्रदान करना है।

### आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए आवेदन 30 तक

**जींद।** भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। व्यक्तियों और संगठनों के अमूल्य योगदान और निस्वार्थ सेवा भाव को पहचानने और सम्मानित करने के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के नाम से वार्षिक पुरस्कार दिया जाता है। इस पुरस्कार की घोषणा हर साल 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर की जाती है।

### राशि का डाटा वन स्कूल एप पोर्टल पर करना होगा अपडेट

**जींद।** राजीव गांधी स्कॉलरशिप योजना के तहत विद्यार्थियों को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि का डाटा वन स्कूल एप पोर्टल पर अपडेट करना होगा। 10 सितंबर तक डाटा पोर्टल पर अपडेट करना होगा ताकि विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि उनके खाते में भिजवाई जा सके। राजीव गांधी स्कॉलरशिप योजना के तहत छठी से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों में से एक लड़का व एक लड़की को कक्षा में टॉप करने पर 750 रुपये छात्रवृत्ति दी जाती है।

### टीबी मरीजों को पोषणयुक्त आहार किट वितरित की

**जींद।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत मंगलवार को उपस्वास्थ्य केंद्र गतौली में टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित की। जिसमें तीन मरीजों को स्वास्थ्य निरीक्षक राजबीर सिंह व स्वास्थ्य कार्यकर्ता अशोक व गतौली गांव के सरपंच प्रतिनिधि हरिओम शर्मा ने पोषण किट देकर रोग से लड़ने में पोषण युक्त आहार सहायता वितरित की।

*डीसी की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक*

# शहर में विकसित होगा वेस्ट टू वंडर पार्कः रजा

## *शहर में लगेंगे हरे, नीले और भूरे तीन तरह के डस्टबीन*

सरकारी दफ्तरों को जीरो वेस्ट आफिस बनाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸। जींद

शहर को सुंदर बनाने का खाका मंगलवार को डीसी की अध्यक्षता में हुई बैठक में तैयार किया गया। अभियान के तहत 25 नवंबर तक स्वच्छता अभियान चलेगा। डीसी ने अभियान की शुरूआत करते हुए मंगलवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने अधिकारियों से इस सप्ताह की गई गतिविधियों की समीक्षा करते हुए जिला को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सरकारी दफ्तरों को जीरो वेस्ट आफिस बनाने के निर्देशः डीसी ने कहा कि सभी सरकारी दफ्तरों को जीरो वेस्ट ऑफिस बनाया जाए और उन्हें आधिकारिक रूप से घोषित किया जाए। उन्होंने ई ऑफिस प्रणाली अपनाने पर भी बल दिया ताकि कागजों का उपयोग कम हो सके। उन्होंने निर्देश दिए कि सितंबर माह में बाजारों, खाली प्लाटों, वेंडिंग जोन, शौचालयों, आवासीय क्षेत्रों, जीवीपी, सीटीयू एवं सेकेंडरी कलेक्शन प्वाइंट की प्रतिदिन सफाई सुनिश्चित की जाए। सड़कों पर वाहनों के आवागमन में बाधा नहीं हो और इसके लिए कुछ वेंडिंग जोन बनाए जाएं। अनावश्यक बैनर और पोस्टर हटाने के निर्देशः डीसी ने बैठक में शहर से अनावश्यक बैनर और पोस्टर हटाने के निर्देश दिए। इसके अलावा कहा कि बेसहारा पशुओं को सड़कों से हटा कर उचित स्थानों पर भेजा जाए तथा दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में ट्रैफिक लाइट्स लगवाई जाएं। आमजन को जागरूक करने के लिए लगातार स्वच्छता ड्राइव चलाई जाए। कहा कि इस अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए आरडब्ल्यूए, एनजीओ, विद्यालयों और आमजन को जोड़कर एक व्यापक मुहिम चलाई जाए। साथ ही वृक्षारोपण कार्य को गति देते नीम बरगद जैसे छायादार व कम देखभाल वाले वृक्ष लगाए जाएं।



**जींद।** बैठक की अध्यक्षता करते डीसी। *फोटो :हरिभूमि*

#### सार्वजनिक शौचालयों की करवाई जाएगी मरम्मत

बैठक में संबंधित अधिकारियों ने बताया कि सितंबर माह में शहर के बाजारों, पार्कों और कार्यालयों में चिन्हित स्थानों पर हरे, नीले और भूरे डस्टबीन लगाए जाएंगे। शहर में वेस्ट टू वंडर पार्क विकसित किया जाएगा। जिसके लिए स्थान का चयन किया जा चुका है। साथ ही उन्होंने बताया कि रानी तालाब व वेस्टर्न यमुना कैनाल की सफाई जारी है तथा वार्ड और मार्केट क्षेत्रों में जागरूकता गतिविधियां चलाई जा रही हैं। नगर परिषद क्षेत्र के सभी सार्वजनिक शौचालयों की मरम्मत करवाई जाएगी।

#### कमेटी का गठन

जिला स्तर पर स्ट्रे कैटल कमेटी का गठन किया गया है जो सड़कों पर घूम रहे पशुओं को सुरक्षित तरीके से पकड़ कर निर्दिष्ट स्थान पर भेजना सुनिश्चित करेगी। बैठक में डीएमसी सुरेंद्र सिंह, ईओ जींद रिषिकेश चौधरी, ईओ नरवाना रविंद्र कुहाड़, सचिव जुलाना सौरव जैन, सचिव उचाना अशोक डांगी, एसआई सफीदों करवीर सिंह, सीएसआई जींद सुनील दत्त, एसआई जींद नीलम सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जुलाना में धूमधाम से गणेश विसर्जन

## *गूंजे भगवान गणपति बप्पा मोरया के जयकारे*

- जगह-जगह भक्तों ने रास्तों पर फूल बरसाए

हरिभूमि न्यूज ▸▸। जुलाना

गणेश चतुर्थी के अवसर पर भगवान गणेश की प्रतिमा का भव्य विसर्जन उत्सव संपन्न हुआ। ढोल, नगाड़ों, झांकियों और भक्तों की जय जयकार के बीच गणपति बप्पा को विदाई दी। विधिपूर्वक पूजा अर्चना के बाद विसर्जन के लिए निकाली गईं। जगह-जगह भक्तों ने रास्तों पर फूल बरसाए। भजन, कीर्तन किए और उत्साह के साथ भगवान गणेश की शोभायात्रा में भाग लिया।





#### प्रशासन ने की विशेष व्यवस्था

प्रशासन ने विसर्जन के लिए विशेष प्रबंध किए थे। सुरक्षा के मद्देनजर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था और ट्रैफिक को भी डायवर्ट किया गया था। शोभायात्रा जुलाना की पुरानी अनाजमंडी से होकर सुंदर ब्रांच नहर तक पहुंची। पुलिस ने मंडी से आने वाले वाहनों के रूट को डायवर्ट किया।


कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी से मिलते हरियाणा वाल्मीकि महासभा के पदाधिकारी।

### सात अक्टूबर को मनाई जाएगी वाल्मीकि जयंती

**उचाना।** आगामी सात अक्टूबर को भगवान वाल्मीकि की जयंती पर पालवां के करसिंधु रोड पर बनने वाले भगवान वाल्मीकि भवन एंव छात्रावास के निर्माण की नींव रखी जाएगी। वाल्मीकि समाज के लोगों ने हरियाणा वाल्मीकि महासभा के जिलाध्यक्ष संजीव वैद्य बधाना की अगुवाई में कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी से मिल कर उनको निमंत्रण दिया गया। भूमि पूजन समारोह में 31 लाख रुपये ग्रांट देने पर उनका आभार भी प्रकट किया गया। भगवान वाल्मीकि भवन एवं छात्रावास निर्माण कमेटी के प्रधान मुकेश सुदकैन ने बताया कि पूरे प्रदेश का सबसे भव्य वाल्मीकि भवन एवं छात्रावास का निर्माण पालवां गांव में होगा। पालवां-करसिंधु रोड पर 2400 गज जमीन निर्माण को लेकर पंचायत द्वारा दी गई है। भूमि पूजन के बाद अब निर्माण की नींव भगवान वाल्मीकि की जयंती पर रखी जाएगी। हलका विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री से मिलकर निर्माण को लेकर 31 लाख रुपए की ग्रांट देने एवं कार्यक्रम को लेकर निमंत्रण दिया जाएगा।

### विदेशी जानकार बनकर सवा सात लाख रुपये हड़पे

**जींद।** विदेश में रह रहा जानकार बन कर एक व्यक्ति से सवा सात लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव खापड़ निवासी महेश ने बताया कि उनका गांव बडौदी का जानकार विदेश में रह रहा है। गत 25 अगस्त को जानकार के नाम से मैसेंजर से मैसेज आया। हालचाल जानने के बाद व्हाट्सअप पर बातचीत हुई। जिसकी डीपी पर उसी जानकार का फोटो लगा था। उसने बताया कि वह मुसीबत में है। उसका वीजा खत्म हो रहा है। विदेशी सरकार उसे या तो जेल में डाल देगी या फिर वापस देश भेज देगी। विदेश में रहने के लिए उसे एजेंट को रुपये देने होंगे। वह उसके खाते में लगभग साढ़े दस लाख रुपये भेज रहा है। जिसकी रसीद भी उसने व्हाट्सअप पर भेज दी।

#### ओम इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ी छाए

**जींद।** वालीबॉल, फुटबॉल एवं 200 मीटर रेस में शानदार प्रदर्शन करते ओम इंटरनेशनल स्कूल दरोलीखेड़ा के विद्यार्थियों ने राज्यस्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में अपनी जगह बनाई। प्राचार्या डिंपल अरोड़ा ने बताया कि ब्लॉक स्तर के बाद जिलास्तर पर स्कूल के विद्यार्थी ने जीत दर्ज की। अब वो जिले जींद की तरफ से राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। लड़कियों में वालीबॉल अंडर 14 में पावनी, अंडर 17 में भारती, फुटबॉल अंडर 19 में मुस्कान, अंशु एवं 200 मीटर रेस में आरती, लड़कों में अंडर 14 फुटबॉल में पुनीत, अंडर 19 में अभय, हरमन ने जिलास्तर पर जीत दर्ज कर राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में जगह बनाई है। होनहार खिलाड़ियों, पीटीआई प्रवीण को स्कूल एमडी शर्मिली श्योकंद, हरदीप एवं प्रदीप श्योकंद ने बधाई दी।



**जींद।** जिलास्तरीय खेलों में विजेता प्रतिभागी। *फोटो :हरिभूमि*


**जींद।** स्काउट राष्ट्रपति स्काउट कार्यक्रम में मौजूद डीएवी स्कूल के बच्चे।

#### डीएवी के 13 बच्चों को मिला राष्ट्रपति अवार्ड

**जींद।** भारत स्काउट और गाइड में डीएवी पब्लिक स्कूल जींद के 13 बच्चों को राष्ट्रपति अवार्ड मिला। जिसमें सात लड़कियों को राष्ट्रपति गाइड और छह लड़कों को स्काउट राष्ट्रपति स्काउट का अवार्ड दिया गया। यह जानकारी डीएवी जोन के स्काउट कमिश्नर डा. धर्मदेव विद्यार्थी ने देते हुए बताया कि साल 2016 में राष्ट्रपति गाइड और स्काउट के लिए राष्ट्रीय स्तर पर परीक्षा का आयोजन किया गया था। इसमें डीएवी जोन के 18 विद्यार्थियों को सफल घोषित किया गया था। इसमें से 13 विद्यार्थी अकेले डीएवी पब्लिक स्कूल जींद के थे। इन विद्यार्थियों का पुरस्कार समारोह 31 अगस्त को राष्ट्रपति भवन में आयोजित किया गया। इसमें जींद स्कूल का प्रतिनिधित्व राष्ट्रपति गाइड से सम्मानित श्रेया ने किया तथा डीएवी जोन के राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त किए। इस मौके पर भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अनिल जैन, राष्ट्रीय प्रमुख आयुक्त पूर्व आईएएस डा. केके खंडेलवाल, निदेशक डा. रामकुमार, राज्य अध्यक्ष दिल्ली मनोज तिवारी तथा पूरे भारत से विभिन्न राज्यों के भारत स्काउट और गाइड के अधिकारी उपस्थित थे।

#### परिचय सम्मेलन को लेकर तय की ड्यूटियां

**जींद।** सात सितंबर को जींद के अग्रसेन स्कूल में आयोजित होने वाले उत्तर भारत स्तरीय युवक व युवती परिचय सम्मेलन को लेकर अग्रवाल समाज में उत्साह का माहौल है। समाज के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार गोयल के नेतृत्व में निरंतर प्रचार व प्रसार किया जा रहा है। विवाह योग्य प्रत्याशी भी बढ़चढ़ कर पंजीकरण करवा रहे हैं। राजकुमार गोयल ने बताया कि 22 अगस्त तक कराए गए पंजीकरण परिचय पुस्तिका में शामिल किए जा चुके हैं जबकि उसके बाद पंजीकरण करवाने वाले प्रत्याशियों का विवरण सप्लीमेंट्री कॉपी में प्रकाशित किया जाएगा। इसी कड़ी में पालिका बाजार में अग्रवाल समाज के प्रधान गोयल एवं पदाधिकारियों ने व्यापारियों से मुलाकात कर सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की। कहा कि जिन योग्य प्रत्याशियों ने अभी तक पंजीकरण नहीं करवाया है वे अगले एक-दो दिन में अवश्य अपना पंजीकरण करवा लें। पालिका बाजार से जयकुमार गोयल, रामधन जैन, सावर गर्ग, पवन बंसल, दीपक गर्ग, मनीष गर्ग, रजत सिंगला, गोपाल जिंदल, राजेश गोयल, बजरंग लाल सिंगला मौजूद रहे।


पालिका बाजार के दुकानदारों को सम्मेलन का न्योता देते प्रधान राजकुमार गोयल।


**जींद।** कार्यक्रम में मौजूद गणमान्य लोग। *फोटो :हरिभूमि*

#### जाट भाईचारा यात्रा पहुंची हैबतपुर

**जींद।** अखिल भारतीय जाट आरक्षण संघर्ष समिति की बैठक मंगलवार को जिला प्रधान सेवानिवृत कैप्टन रामकरण दलाल की अध्यक्षता में गांव हैबतपुर लघु सचिवालय पर संपन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीयध्यक्ष प्रताप दहिया ने शिरकतकी। जाट भाईचारा यात्रा के यहां पहुंचने पर स्वागत किया गया। यात्रा का स्वागत रामकरण दलाल ने किया। बैठक में मुख्य रूप से ओमप्रकाश कंडेला, बारूराम, सूरजमल, रामपाल सोनीपत, बलवान, विनोद मलिक, छोटूराम आदि मौजूद रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रताप सिंह दहिया ने कहा कि 14 फरवरी 2016 को सांपला में जाट आरक्षण आंदोलन की शुरुआत हुई थी। 20 फरवरी को गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने जाट आरक्षण समितियों को शांतिपूर्वक आंदोलन समाप्त करने को कहा था और आश्वासन दिया था कि सभी मांगें पूरी की जाएगी। सरकार ने 21 फरवरी को जाट नेताओं से वार्ता करके झूठा वादा करके जाट आंदोलन की वापसी की घोषणा कर दी लेकिन जाटों को अपना हक अब तक नहीं मिला है।


**जींद।** छात्राओं को एल्बेंडाजोल की गोलियां खिलाते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### छात्राओं को खिलाई एल्बेंडाजोल की गोलियां

**जींद।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए गए कार्यक्रम के तहत हिंदू कन्या महाविद्यालय में यूथ रेडक्रॉस सेल के द्वारा मॉप अप डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन डा. सीमा दलाल और सदस्य डा. रश्मि द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन जिला जींद द्वारा भेजी गई एलबेंडाजोल दवाइयों का वितरण महाविद्यालय की उन छात्राओं को किया गया, जो 26 अगस्त को महाविद्यालय में अनुपस्थित थी। डॉक्टर सीमा दलाल ने छात्राओं को अलबेंडाजोल दवा के सेवन के तरीकेए उसके लाभ और स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दवा का सेवन कैसे करना है और उसके दौरान किन बातों का ध्यान रखना है। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने सभी छात्राओं को संबोधित करते हुए एलबेंडाजोल की दवाओं के सेवन और उसके स्वास्थ्य लाभों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि मॉप अप डे के दिन इस दवा का सेवन करने से स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पडने की संभावना कम हो जाती है।

# एक छत्त के नीचे होंगे नपा में अब काम

- हॉल कमरे में सीएफसी बनाने से लोगों को हुआ फायदा

हरिभूमि न्यूज ▸▸। उचाना

नगर पालिका में अपने कामों को लेकर आने वाले लोगों को अब अलग-अलग कमरों में चक्कर नहीं काटने पड़ेग। नपा के कमरा नंबर 10 में सीएफसी बनाया गया है। यहां पर अलग-अलग कमरों में होने वाले कार्य एक छत्त के नीचे होंगे। नपा सचिव अशोक कुमार ने बताया कि यहां पर जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र, प्रोपर्टी आईडी, पीएमएवाई, लींज, हाऊस टैक्स किराया, मेरिज सर्टिफिकेट संबंधित कार्य होंगे। यहां पर सफाई को लेकर भी मिला जा सकता है। यहां पर सफाई निरक्षक की ड्यूटी लगाई है। पहले अलग-अलग कमरों के चक्कर लोगों को अपने कामों को लेकर काटने पड़ते थे। लोगों को एक छत्त के नीचे ही जो-जो कार्य करवाने हैं उनके काउंटर बनाए है। मंजीत, अनिल, राकेश ने कहा कि पहले नगर पालिका में अलग-अलग कमरों में जाकर कार्य करवाने पड़ते थे। कभी किसी कमरे में तो कभी किसी कमरे में जाने से समय की बर्बादी भी होती थी। अब एक छत के नीचे सभी काम होने के चलते लोगों को फायदा हो रहा है। कोई भी कागजात संबंधित एवं मकानों के किराया संबंधित काम है तो उस काम को लेकर अलग-अलग चक्कर काटने की जरूरत अब लोगों को नहीं है।


नगर पालिका में बनाया गया हॉल कमरे में सीएफसी। *फोटो :हरिभूमि*



**जींद।** हेलमेट जागरूकता अभियान को लेकर प्रचार करते कैडेट।

### सड़क सुरक्षा नियमों का पाठ पढ़ाया

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय में 15 हरियाणा बटालियन एनसीसी की ईकाई ने मंगलवार को हेलमेट जागरूकता अभियान आयोजित किया। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं व विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के महत्व और दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने की अनिवार्यता के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम में महाविद्यालय के उप प्राचार्य डा. रणधीर सिंह मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पंकज बत्रा और डा. ज्योति लडवाल ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा से जुड़े नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। प्राध्यापक डा. सोनू सिहाग, प्रो. गुरदीप और प्रो. नरेंद्र ने भी अपने विचार रखे और कहा कि सड़क सुरक्षा पालन करना सभी के लिए जरूरी है ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित हो। वाहन चलाते हुए यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। हमेशा निर्धारित गति सीमा के अंदर वाहन चलाना चाहिए। दोपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनना चाहिए। कार चलाते समय ड्राइवर और सभी यात्रियों को सीट बेल्ट बांधना अनिवार्य है।

**सुविधा** | दस वर्ष से चालू डिलीवरी हट, ग्रामीण कर रहे थे डिलीवरी करवाने की मांग

# दुर्जनपुर पीएचसी में 10 साल के बाद पहली डिलीवरी पर गूंजी किलकारी

गांव उदयपुर की करीना पत्नी रमन ने बच्चे को दिया जन्म

हरिभूमि न्यूज ▸▸। उचाना

पीएचसी (प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र) दुर्जनपुर में 10 साल के बाद पहली डिलीवरी होने पर किलकारी गूंजी। 10 वर्षों से यहां पर डिलीवरी हट चालू नहीं हो पाया था। आस.पास के गांव के ग्रामीण बार.बार इसको लेकर मांग करते आ रहे थे। उदयपुर गांव की करीना पत्नी रमन ने यहां पर बच्चे को जन्म दिया। बच्चा और जन्म देने वाली मां दोनों पूरी तरह से स्वस्थ है। सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से दुर्जनपुर गांव में पीएचसी का निर्माण करवाया गया है। 10 वर्ष के बाद पहली डिलीवरी सामान्य रूप से नर्सिंग ऑफिसर ने करवाई। पीएचसी में डिलीवरी शुरू होने के बाद दुर्जनपुर के साथ-साथ आसपास के गांवों की गर्भवति महिलाओं को फायदा होगा। डिलीवरी को लेकर अब से पहले गर्भवति महिलाएं उचाना, नरवाना, जींद एवं उकलान, बरवाला जाती थी। पीएचसी में डिलवरी होने से दूरदराज अब नहीं जाना पड़ेगा। समय एवं धन दोनों की बचत होगी। डा. मुनीष कुमार ने बताया कि करीब 10 साल के बाद पीएचसी में डिलीवरी हट शुरू होने के बाद डिलीवरी हुई है। गर्भवति महिलाओं को इसका फायदा होगा।


**उचाना।** दुर्जनपुर पीएचसी में 10 साल के बाद हुई डिलीवरी हट में डिलीवरी।

#### ये रहे मौजूद

महिला संतोष, बिमला, महेंद्रो ने कहा कि पीएचसी केंद्र होने के बाद भी गर्भवति महिलाओं का डिलीवरी उचानाए नरवानाए जींद होती थी। गांव में डिलीवरी हट चालू नहीं था। अब चालू होने से इसका फायदा होगा। इस मौके पर एमपीएचडब्ल्यू संदीप, सरपंच सुनीता दुर्जनपुर, उदयपुर सरपंच प्रतिनिधि अनिल कुमार मौजूद रहे।


**जींद।** लार्वा की जांच करते स्वास्थ्यकर्मी। *फोटो :हरिभूमि*

### डेंगू बचाव बारे जागरूक किया

**जींद।** गांव निडाना में स्वास्थ्य सुपरवाइजर कुलदीप सिंह के नेतृत्व में फीवर मास सर्वे का आयोजन किया गया। गांव में कुल चार टीमें बनाई गई तथा प्रत्येक घर में जा कर कुलर, टंकी, होदी, फ्रीज की ट्रे इत्यादि में डेंगू, मलेरिया के लारवे की जांच की। जहां भी लारवा मिला, उसे मौके पर ही नष्ट करवा दिया गया। बुखार वाले मरीजों की रक्तपट्टिकाएं बनाई गई और उनको दवाइयां भी दी गई। लोगों को मलेरिया डेंगू के बचाव बारे जागरूक किया। मलेरिया के लक्षण कंपकपी के साथ बुखार आना, तेज सिर दर्द होना, उल्टियां आना, जी मिचलाना इत्यादि हैं। बचाव के लिए बुखार होने पर नजदीक के सरकारी अस्पताल में जाकर खून टेस्ट करवाना व दवाई लेनी चाहिए। बच्चों व बडों को पूरी बाजू के कपड़े पहनाना चाहिए ताकि मच्छरों से बचाव रहे। मच्छरदानी का प्रयोग करना, आसपास पानी एकत्रित ना होने दें। इस अवसर पर स्वास्थ्य कार्यकर्ता विरेंद्र, मनोज कुमार, जीवन, राकेश पूनिया, निर्मला देवी और सीमा देवी मौजूद रही।

## खबर संक्षेप

### स्वच्छता अभियान को बनाएं जन आंदोलन

**कैथल।** एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने मंगलवार को नगर परिषद कार्यालय में प्रधान, उप-प्रधान, पार्षदगण, अधिकारियों व कर्मचारी, शहर की आरडब्ल्यूएज, एनजीओ, मार्किट एसोसिएशन के साथ हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के संदर्भ में बैठक ली। एडीसी ने सभी का आह्वान किया कि वे इस सफाई अभियान में बढ़चढ़ कर भाग लें और स्वच्छता की मुहिम को आगे बढ़ाएं। अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को जागरूक किया जाए।

### 19 सितंबर को होगा रोजगार मेला

**कैथल ।** जिला रोजगार अधिकारी ममता कुमारी ने बताया कि युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से राजकीय औद्योगिक संस्थान में 19 सितंबर को सुबह 10 बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेगी और युवाओं का चयन करेगी। इस रोजगार मेले में योग्यता 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट व आईटीआई के इच्छुक प्रार्थी नोकरियों के पंजीकरण हेतु भाग लें सकतें है।

### पीओ पकड़ो स्टाफ ने 2 बेल जंपर किए काबू

**कैथल।** अंतर्गत पीओ स्टाफ इंचार्ज एसआई ओमप्रकाश की अगुवाई में अलग अलग मामलों में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एसआई सतीश कुमार की टीम द्वारा आरोपी गांव किछाना निवासी सुरेश उर्फ लीला को गिरफ्तार कर लिया गया। जो आरोपी सुरेश व उसके गांव के ही सोनू को राजौंद पुलिस द्वारा 17 नवंबर 2020 को 4.5 किलोग्राम डोडा पोस्त सहित काबू किया गया था।

### कबड्डी खिलाड़ियों के लिए ट्रायल कल

**कैथल।** जिला खेल अधिकारी ने बताया कि विभाग द्वारा गांव रोहेड़ा में कबडडी खेल का लघु केन्द्र स्थापित है, जिसमें खेल विभाग द्वारा कबड्डी खेल का प्रशिक्षक नियुक्त किया गया है। इस लघु केन्द्र में कबडडी खेल के 25 खिलाडियों का चयन किया जाना है। खिलाडियों के ट्रायल व टीम का चयन 4 सितंबर को सांय 4 बजे लघु केन्द्र, गांव रोहेड़ा, कैथल में किया जा रहा है।

# बारिश व घग्गर के बढ़ते जलस्तर को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर

## एसडीएम ने बारिश व घग्गर के जल स्तर को लेकर ली अधिकारियों की बैठक

- घग्गर के साथ लगते गांवों में ग्राम सचिव, सरपंच, चौकीदार सहित अन्य कर्मचारियों की गठित की जाएगी कमेटी : कैप्टन प्रमेश सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका



गुहला-चीका। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने बारिश व घग्गर के जल स्तर को लेकर खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय चीका के हॉल में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी अपने स्टेशन पर तैनात रहें और अलर्ट रहें। उन्होंने कहा कि घग्घर के साथ लगते गांवों में टीमें गठित की जाएगी, जो गांव में निरंतर स्थिति का जायजा लेने के साथ-साथ लोगों को जागरूक भी करेंगी। इन टीमों में ग्राम सचिव, सरपंच, चौकीदार, लाइनमैन तथा शिक्षा विभाग से एक सदस्य शामिल रहेंगे। यदि लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या या परेशानी है तो इसकी सूचना तुरंत उच्चाधिकारियों को देना सुनिश्चित करें, ताकि लोगों को समय रहते राहत दी जा सके।

एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने अधिकारियों ने निर्देश जारी किए कि वे ऐसे सुरक्षित स्थानों को चिन्हित करें, जिनका इस्तेमाल आपातकालीन स्थिति में किया जा सके। उन्होंने कहा कि यदि आपात स्थिति उत्पन्न होती है तो सभी स्थानीय सामाजिक संस्थाओं द्वारा लोगों को राहत सामग्री दी जाएगी, तो उसका वितरण सही प्रकार से किया जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कहा कि वे एंबुलेंस, फर्स्ट एड तथा अन्य जरूरी दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित रखें। आशा वर्कर व एएनएम अपने-अपने गांवों में उपस्थित रहकर स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहे। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को कहा कि आपातकालीन स्थिति में यदि गांव में जलभराव की समस्या से बिजली बाधित होती है तो लाइनमैन व अन्य स्टाफ डयूटी पर रहते हुए बिजली व्यवस्था को सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने आमजन से भी आह्वान किया कि वे डयूटी पर तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों का सहयोग करें।

### जिला स्तर और उपमंडल

लघु सचिवालय पहली मंजिल के कमरा नंबर 105 में जिला बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। हेल्पलाइन नंबर 01746-234528 पर आमजन इमरजेंसी हालातों में संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा गुहला उपमंडल स्तर पर भी कंट्रोल रूम बनाया गया है, जिसका नंबर 01743221555 है।

### अफवाहों से बचें

कोई भी अफवाहों न फैलाए और न ही अफवाहों पर ध्यान दें। सोशल मीडिया पर पुराने बाढ़ के वीडियो व फोटो शेयर न करें। जिला व स्थानीय प्रशासन द्वारा इन पर निगरानी की जा रही है। यदि कोई व्यक्ति गलत अफवाह फैलाने में संलिप्त पाया जाता है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस मौके पर नायब तहसीलदार बंसीलाल, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी जगजीत सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी बलबीर कश्यप, सिंचाई विभाग से एसडीओ अजमेर सिंह, बिजली विभाग से एसडीओ राहुल यादव, डॉ. अमन बंसल सहित विभिन्न गांवों के पटवारी व ग्राम सचिव उपस्थित रहे।

# पंजाब बाढ़ निपटने के लिए आप पूरी तरह तैयार



कैथल। राहत सामग्री के साथ आप नेता व कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

- मुख्यतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष रणबीर लोहान रहे

आम आदमी पार्टी ज़िला कार्यालय कैथल में पंजाब में आई बाढ़ आपदा में सहयोग को लेकर ज़िला अध्यक्ष जगमग मटौर की अध्यक्षता में मीटिंग हुई। जिसमें मुख्यतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष रणबीर लोहान रहे। लोहान ने पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को पंजाब में बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री पहुँचाने का आह्वान किया और कहा कि मानव सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है, इस समय पंजाब को सहयोग की ज़रूरत है। पंजाब वो प्रदेश रहा है जो मानव सेवा में सदैव अग्रिम रहा है, चाहे वो गुहला-चीका, टोहाना, फतेहाबाद और सिरसा में पीछे आई बाढ़ का समय हो या फिर किसान आंदोलन का समय हो पूरे पंजाब ने हमेशा आगे आकर सहायता की है। ज़िला अध्यक्ष जगमग मटौर और मास्टर सतबीर गोयत ने भी पार्टी कार्यकर्ताओं को पंजाब में आई आपदा से निपटने के लिए हर कार्यकर्ता को आगे आने के लिए प्रेरित किया और जल्द ही राहत सामग्री को बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में पहुँचाने का काम किया जायेगा। इस मौके पर अमरीक मोर, दलबीर सौंगरी, जसविंदर राणा, सुभाष, जोगिंदर, साधु राम कौलेंखाँ, संध्या, कुलदीप देवीगढ़, अंकित, धर्मेंद्र करोड़ा समेत बहुत से कार्यकर्ता मौजूद थे

### जय भारत ड्रामाटिक क्लब की कार्यकारिणी गठित

**पूंडरी।** जय भारत ड्रामाटिक क्लब के पदाधिकारियों व सदस्यों की एक बैठक पंजाबी धर्मशाला में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता पूर्व प्रधान नरेश मनचंदा ने की। बैठक में नई कार्यकारिणी बनाने पर विचार किया गया। जिसमें सर्व सम्मती नरेश मनचंदा को सरपरस्त व मा. बलराम खुराना को प्रधान नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त उपप्रधान अशोक वधवा, सचिव बंटी ग्रोवर व कोषाध्यक्ष मा. रामसरूप को नियुक्त किया गया।



कैथल। जाट प्राइवेट आईटीआई कैथल में विद्यार्थियों को संबोधित करते वक्ता।

### टैक्निकल स्किल की जानकारी

**कैथल।** जाट प्राइवेट आईटीआई कैथल में प्रधानाचार्य कुलदीप गोपेरा की अध्यक्षता में ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्पीकर विकास जी, टीपीएल कंपनी चंडीगढ़ के ट्रेनर, ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके साथ दीपांशु, हिमांशु और केशव ने मिलकर प्रेजेंटेशन प्रोग्राम को सफलतापूर्वक पूरा किया। इस कार्यक्रम में बच्चों को जीवन में इंप्लीमेंटेबिलिटी स्किल, कंप्यूटर स्किल और टेक्निकल स्किल के महत्व के बारे में बताया गया। यह जानकारी उनके भविष्य के लिए बहुत ही उपयोगी होगी। प्रधानाचार्य कुलदीप गोपेरा ने सभी स्पीकर्स और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का धन्यवाद किया। जाट हाई स्कूल सोसायटी की प्रबंधक समिति के प्रधान राजकुमार बेनीवाल, उप प्रधान बलजिंदर बनवाला, महासचिव एडवोकेट रश्मि ढुल और कोषाध्यक्ष बलकार नैन ने इस तरह के ओरिएंटेशन प्रोग्राम करवाने पर बच्चों को मोटिवेशन करने पर सरहाना की।

## बच्चों को गुड टच और बेड टच के बारे में किया जागरूक

- एक किरण उम्मीद की फाउंडेशन के सहयोग से हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी



पूंडरी। बच्चों को जानकारी देते फाउंडेशन के सदस्य।

एक किरण उम्मीद की फाउंडेशन के सहयोग से शहीद कांस्टेबल भीम सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रसीना में मंगलवार को बच्चो को जैविक विविधता, पर्यावरण बचाओ और लड़कियों के लिए गुड टच बैड टच, पर्सनल हाइजीन और साइबर क्राइम के बारे में बताया गया। जैविक विविधता, पर्यावरण बचाओ के बारे में रेखा जिला समन्वयक वन विभाग, महावीर रेंज ऑफिसर नें पर्सनल हाइजीन के बारे और गुड टच बैड टच की जानकारी डॉक्टर मनीषा मंगल की तरफ़ से दी गई। रेखा ने बताया कि पृथ्वी पर जीवन को बनाए रखने के लिए जैव विविधता और उसका रखरखाव अत्यंत महत्वपूर्ण है। पौधों की प्रजातियों की अधिक संख्या का अर्थ है फसलों की अधिक विविधता। प्रजातियों की अधिक विविधता सभी जीवन रूपों के लिए प्राकृतिक स्थिरता सुनिश्चित करती है। डॉक्टर मनीषा मंगल ने बताया की पैरेंट्स बच्चों को यह महसूस कराएं कि वे आपके साथ कुछ भी साझा कर सकते हैं और आप हमेशा उनकी मदद करेंगे।

### किया सम्मानित

आज लगभग 250 बच्चो को पर्यावरण सुरक्षा और 75 लड़कियों को गुड टच बैड टच के बारे में बताया। संस्था के मेंबर्स ने रेखा को, स्कूल स्टाफ और डॉ मनीषा मंगल को समृति चिन देकर सम्मानित किया। निधि मोहन ने प्रिंसिपल और स्टाफ का धन्यवाद किया।




कैथल। वैदिक विचार नवयुग की पुकार कार्यक्रम में प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

### विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

**कैथल ।** आर्य रत्न डॉ. पूनम सूरी अध्यक्ष डीएवी कालेज प्रबंधन समिति नई दिल्ली के मार्गदर्शन में तथा श्री योगी सूरी जी, अखिल भारतीय आर्य युवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में ओएसडीएवी विद्यालय में 'वैदिक विचार नवयुग की पुकार, एक ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिस का उद्देश्य वैदिक विचारों को जन-जन तक पहुंचाना, महर्षि दयानंद जी के द्वारा दिए गए उद्घोष 'वेदों की ओर लौटो' को क्रियान्वित करना, विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करना और सामाजिक गतिविधियों को गति देना है। मुख्य अतिथि के रूप में न्यायमूर्ति प्रीतम पाल ,उपाध्यक्ष डीएवी कालेज प्रबंधन समिति, एवं कार्यक्रम आयोजक विवेक कोहली की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को कर चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों द्वारा मधुर संगीत मय मंत्रोच्चारण से किया गया। तदोपरांत विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजु तलवाड़ ने कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी गण,अभिभावक वर्ग एवं प्रतिभागियों का अभिनंदन व स्वागत करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला तदोपरांत मुख्य अतिथि महोदय जी ने अपनी मधुर वाणी से वेदों की महिमा का विस्तार पूर्वक व्याख्यान किया।

# छात्रों ने किया पंचकूला की ऐतिहासिक धरोहरो का शैक्षणिक भ्रमण

- छात्रों को हरियाणा की एतिहासिक धरोहरों से अवगत करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। पंचकूला की ऐतिहासिक धरोहरों का भ्रमण करते एनआइएलएम के विद्यार्थी।

एन आई आई एल एम विश्वविद्यालय कैथल के इतिहास विभाग के छात्रों ने किया पंचकूला की ऐतिहासिक धरोहरों का भ्रमण। विभाग द्वारा विद्यार्थियो के लिए एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य छात्रों को हरियाणा की एतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहरो से अवगत करवाना था। भ्रमण की शुरुआत यादुवेन्द्र गार्डन से हुई, जो मुगलकालीन बागवानी शैली का एक अद्वितीय उदाहरण है। छात्रो ने यहां की सुन्दर वस्तुकला और एतिहासिक पृष्ठभूमि का अध्ययन किया। इसके पश्चात विद्यार्थी गुरुद्वारा नाड़ा साहिब पहुंचे, जो सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोविंद सिंह के आगमन से जुड़ा एक पवित्र धार्मिक स्थल है। इस स्थल का एतिहासिक महत्व जानकर छात्रों मे धर्म-सेवा और त्याग की भावना जागृत हुई। अंतिम पड़ाव मोरनी का किला रहा जो शिवालिक पर्वत श्रृंखला में स्थित है। इस किले का समरिक महत्व यह है कि इसे राजा मोरध्वज मे अपनी पत्नी मोरनी के नाम से बनवाया था, छात्रों के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक सिद्ध हुआ। इससे विद्यार्थियो को कक्षा की सीमाओ से निकल कर इतिहास को प्रत्यक्ष रूप से जानने का अवसर मिला।



सीवन। सीवन में भजन संध्या में नृत्य करती गौरिका वधवा।

### श्री गणेश महोत्सव में हुई भजन संध्या

**सीवन।** शांति मोहल्ला सेवा समिति की ओर से चल रहे श्री गणेश महोत्सव में सोमवार रात्रि का संकीर्तन आकाश कैथल वाले की टीम द्वारा आयोजित किया गया। भजन संध्या की शुरुआत मुख्य अतिथि ओम प्रभा अरोड़ा गुरुग्राम ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। समिति के सदस्य मिंटू रहेजा ने बताया कि भजन संध्या में भजनों के माध्यम से श्रोताओं को आध्यात्मिक रसधारा में डुबो दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गणपति वंदना से हुई। इसके बाद आकाश कैथल वाले ने भजन /"कृष्ण तेरी मुरली ते क्यों नहीं नचदा/" प्रस्तुत कर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं भजन गायक राहुल ने /"ऐसा बंधन हो अपना, तू सदा रहे साथ मेरे मैया/" गाकर उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। भजन संध्या के दौरान बाल कलाकार गौरिका वधवा ने राधा रानी का रूप धारण कर सुंदर नृत्य प्रस्तुति दी, जिस पर दर्शकों ने तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में आकर्षक झांकियां भी निकाली गईं।

# हरियाणा में बाढ़ ने मचाया तांडव

- रणदीप सुरजेवाला का भाजपा पर तीखा हमला : मुख्यमंत्री नायब सैनी सरकार चुटकलों में डूबी, जनता को बाढ़ में छोड़ा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

हरियाणा में भारी बारिश और नदियों के उफान ने तबाही का मंजर खड़ा कर दिया है। यमुना, घग्गर और अन्य नदियों का जलस्तर खतरे के निशान को पार करने से हजारों एकड़ कृषि भूमि जलमग्न हो चुकी है, फसलें तबाह हो गई हैं, और कई लोगों की जान चली गई है।



रणदीप सुरजेवाला

इस संकट के बीच कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने हरियाणा की नायब सैनी सरकार और केंद्र की मोदी सरकार पर बाढ़ प्रबंधन में घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए तीखा हमला बोला है। कैथल से प्रेस बयान जारी करते हुए रणदीप सुरजेवाला ने सवाल उठाया कि क्या बीजेपी सरकार चुटकले सुनाने और कहकहे लगाने में मस्त है, जबकि हरियाणा की जनता बाढ़ की मार से त्राहिमाम-त्राहिमाम कर रही है।

### सुरजेवाला का बीजेपी पर हमला

रणदीप सुरजेवाला ने बीजेपी सरकार की निष्क्रियता पर कड़े सवाल उठाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी चुटकले सुनाने और हंसी-मजाक में व्यस्त हैं, जबकि हरियाणा की जनता बाढ़ की त्रासदी से जूझ रही है। बाढ़ की चेतावनी के बावजूद नदियों और नालों की सफाई समय पर नहीं हुई। हथनीकुंड बैराज से पानी छोड़े जाने की जानकारी पहले से थी, लेकिन प्रशासन ने निचले इलाकों में अलर्ट जारी करने में कोताही बरती। नतीजा, गांवों में पानी घुस गया और लोग अपनी जान-माल बचाने के लिए भटक रहे हैं।"

### बाढ़ ने मचाई तबाही, जनता त्रस्त

रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि यमुना, घग्गर, और टांगरी नदियों के उफान ने अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल, यमुनानगर, करनाल, पानीपत, सोनीपत, हिसार और जींद जैसे जिलों में भयावह स्थिति पैदा कर दी है। करीब 3 लाख एकड़ में फैली धान, गन्ना और अन्य फसलें पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि अंबाला में टांगरी नदी के उफान से 10,000 लोग प्रभावित हुए, कैथल में 1,000 एकड़ और रोहतक में 1,200 एकड़ फसलें डूब गईं। हिसार में 57 गांवों की 80,190 एकड़ और जींद में 2,000 एकड़ फसलें बर्बाद हो गईं। कैथल के गुहला-चीका में घग्गर के तटबंध टूटने से 6 गांव जलमग्न हो गए, जबकि रोहतक में एनएच-1 पर दो फीट पानी जमा होने से 60 गांवों का संपर्क टूट गया। सैकड़ों गांव टापू बन गए हैं, हजारों लोग बेघर हैं, और 6 लोगों की मौत के साथ-साथ हजारों मवेशी बह गए हैं।

### मटौर के गजे सिंह ने मरणोपरांत किए नेत्रदान

**कैथल।** मटौर गांव के प्रतिष्ठित नागरिक गजे सिंह (78 वर्ष) और उनके परिवार ने बहुत पहले ही नेत्रदान का नेक निर्णय ले लिया था। उनकी इसी इच्छा को पूरा करते हुए, निधन के बाद परिवार ने नर नारायण सेवा समिति से संपर्क किया, जिसके बाद उनकी आँखें सफलतापूर्वक दो जरूरतमंद व्यक्तियों को दान कर दी गईं। यह कार्य परिवार की दूरदर्शिता और त्याग को दर्शाता है। गजे सिंह के बेटों, रमेश कुमार औरश्सुरेश कुमार ने अपने पिता की अंतिम इच्छा का सम्मान करते हुए, समिति के सदस्यों से अनुरोध किया। इस प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने में श्री नर नारायण सेवा समिति के सदस्य राजेश गर्ग, रवींद्र और कमल किशोर अग्रवाल के साथ-साथ डॉ. दीपक गर्ग और सेवा संघ से भारती ने भी सक्रिय भूमिका निभाई।

## मेले में भजन मंडली ने बांधा समां, लोगों ने उठाया लुत्फ

# वामन तीर्थ परिसर में विशाल मेले का आयोजन

- गांव के बुजुर्ग महिला,पुरुष व बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम का भी आनंद लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गराजौंद



राजौंद। वामन तीर्थ पर जुटे ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

गांव सौंगल में वामन तीर्थ परिसर में कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सानिध्य में एक दिवसीय मेले व भंडारे का आयोजन भगवान वामन तीर्थ कमेटी सौंगल द्वारा किया गया। कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानक सचिव द्वारा भेजी गई भजन मंडली का गांव के बुजुर्ग महिला,पुरुष व बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम का भी आनंद लिया भजन मंडलियों द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां पेश की गई थी। वेदों व पुराणों में ऐसी मान्यता है कि भगवान विष्णु ने वामन अवतार के रूप में इस स्थान पर प्रकट होकर तीन कदम भूमि राजा बलि से दान स्वरूप मांगी थी और राजा बलि ने दान स्वरूप उन्हें तीन कदम भूमि दी थी। इसमें एक पग में पूरे ब्रह्मांड व दूसरे पग में पृथ्वी को नाप दिया था तीसरा पग रखने के लिए राजा बलि ने अपना सिर आगे कर दिया और उनके सिर पर कदम रखते ही वह भस्म हो गए। इस प्रकार भगवान इंद्र को वापस अपना इंद्रलोक राजा बलि से प्राप्त हो गया तब से इस तीर्थ को विष्णु तीर्थ के नाम से जाना जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन यहां स्थित सरोवर में स्नान आदि करके भगवान विष्णु की पूजा करने से मनुष्य सभी पापों से मुक्त हो जाता है।

### आयोजन में ये रहे मौजूद

आज के आयोजन में भगवान वामन तीर्थ कमेटी के अध्यक्ष धर्मपाल महला, सरपंच मीना देवी, संदीप प्रधान, गुरनाम, सेठी, अजीत बांगड़, प्रदीप शर्मा, प्रवीण नवाजा, रामकुमार मणी, अनिल, चांदी बांगड़, जोगिंदर मौजा, शमशेर सिंह मलिक नेशनल यूथ अवार्डी व कलीराम आदि का विशेष योगदान रहा।

### सीबीएसई खेलों में आरकेएसडी का परचम

**कैथल।** आरकेएसडी पब्लिक स्कूल ने सीबीएसई के खेलों में भाग लिया और इन बच्चों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने में कामयाब हुए। आर. के, एस. डी. पब्लिक स्कूल के बच्चों ने क्लस्ट 16 में जैवलिन थ्रो में प्रथम स्थान, 3000 मीटर दौड़ में भी प्रथम स्थान व 1500 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान हासिल किया। स्कूल के शारीरिक शिक्षा के अध्यापक पवन शर्मा ने यह जानकारी दी कि 28 से 31 अगस्त तक फतेहाबाद जिले के खारा खेड़ी में यह प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें हमारे स्कूल के छात्रों ने प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त कर स्कूल व हमारे जिले का नाम रोशन किया। इस अवसर पर कमेटी के प्रधानअश्विनी शोरेवाला, स्कूल प्रधान सरल शांत मंगल व स्कूल की प्रधानाचार्या श्निवेदिता भट्ट ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की व बच्चों को आशीर्वाद दिया।



कैथल। खेलों में अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित करती प्रधानाचार्य।

## खबर संक्षेप

### बुलेट की चपेट में आने से बाइक चालक घायल

**कैथल।** कस्बा पुंडरी में बुलेट बाइक की चपेट में आने से एक बाइक चालक घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। कस्बा पुंडरी के संदीप ने पूंडरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 30 अगस्त को जब वह रात को करीब 8:00 बजे कस्बा पुंडरी से जा रहा था तो विशाल नामक व्यक्ति ने अपनी बुलेट को तेज गति और लापरवाही से चलते हुए उसकी साइकिल को टक्कर मार दी। हादसे के बाद आरोपी बुलेट चालक मौके से फरार हो गया।

### गांव खेडी रायवाली में किया पौधरोपण

**राजौंद।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार मेरा युवा भारत कैथल द्वारा युवा अधिकारी मोहित नेहरा के निर्देशानुसार स्वयंसेविका गुरुप्रीत कौर ने राजकीय प्राथमिक पाठशाला खेड़ी राय वाली में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। राजौंद ब्लॉक से स्वयंसेविका गुरुप्रीत कौर ने बताया कि एक पेड़ मां के नाम अभियान भारत में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और मातृत्व के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक अनूठा प्रयास है।

### मनोहर लाल से मिले विधायक देवेंद्र अत्री

**उचाना।** भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से चंडीगढ़ में मुलाकात की। अत्री ने बताया कि विकसित उचाना के लक्ष्य की सिद्धि हेतु विभिन्न जन कल्याणकारी और सुशासन संबंधी विषयों पर उनका अमूल्य मार्गदर्शन प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि उनकी विचारशीलता और मार्गदर्शन से हमेशा प्रेरणा मिलती है।

### सोंगल के ग्रामीण पंजाब में भेजेंगे राहत सामग्री

**कैथल।** जनपद के गांव सोंगल में आज ग्रामीणों की एक बैठक हुई। इसमें गांव में मुनियादी करके गांव के 36 बिरादरी के लोगों को इकट्ठा किया गया था। गांव के लोगों ने फैसला लिया कि पंजाब के बाढ़ से ग्रसित लोगों की सहायता की जाए इस उद्देश्य को लेकर के गांव से चंदा व राशन इकट्ठा किया जा रहा है जिसे पंजाब भेजा जाएगा।

# जिले में लिंगानुपात दो अंक सुधार के साथ पहुंचा 902 पर

*जुलाई माह में था 804, अगस्त में पहुंचा 919, ओसतन 902*

गर्भपात के रिवर्स ट्रैकिंग को लेकर स्वास्थ्य अधिकारी कर रहे निरंतर जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला के लोगों के लिए खुशखबरी है। जींद का लिंगानुपात में दो अंकों का सुधार हुआ है। जिला का लिंगानुपात 900 था। जो अब 902 पर पहुंच गया है। जुलाई माह में लिंगानुपात 804 पर था और अगस्त माह में यह बढ़ कर 919 हो गया। जोकि अब कुल ओसतन 902 पर पहुंच गया है। स्वास्थ्य अधिकारियों का प्रयास है कि जींद जिला लिंगानुपात के मामले में एक बार फिर सिरमौर बने।



जींद। बैठक में भाग लेते हुए एडीसी, सीएमओ व अन्य अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व लिंग चयन निषेध

एडीसी विवेक आर्य ने कहा कि जिला प्रशासन भ्रूण हत्या को लेकर अत्यंत गंभीर हैं। यह न केवल एक सामाजिक अपराध है बल्कि मानवता के विरुद्ध भी है। सरकार की प्राथमिकता है कि बेटियों को सुरक्षित जन्म और गरिमापूर्ण जीवन मिले। एडीसी ने स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व लिंग चयन निषेध अधिनियम का सख्ती से पालन कराया जाए। गर्भपात में सहायक औषधियों एवं उपकरणों की अवैध बिक्री और दुरुपयोग पर रोक लगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग विशेष अभियान चलाए।

### रिवर्स ट्रैकिंग को लेकर ली जानकारी

बैठक में पिछले माह तक लिंगानुपात में बनाए गए तीन जोन में आने वाले गांवों का डाटा भी अवलोकन किया गया। इनमें जनवरी से अगस्त माह तक के गर्भपात के केसों में रिवर्स ट्रैकिंग बारे जानकारी हासिल की गई। संदिग्ध मामलों में पुलिस, स्वास्थ्य, ड्रग कंट्रोल विभाग की सांझा टीम बना कर जांच करने व कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। जिनके पहले से दो लड़कियां हैं, उनका गर्भपात होने पर यह विशेष ध्यान दिया जाए कि वह लिंग चयन के आधार पर तो गर्भपात नहीं हुआ है।

### टास्क फोर्स बैठक में हुआ मंथन

लिंगानुपात में सुधार को लेकर जिला टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में एएसपी, सीएमओ डा. सुमन कोहली, सभी ब्लॉक के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, सभी ब्लॉक से एसडीएम, जिला ड्रग व कंट्रोल विभाग, महिला व बाल विकास अधिकारी, जिला परिषद के अधिकारी ए पंचायत ब्लॉक समिति सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में लिंगानुपात में सुधार हेतु किए गए कार्य का अवलोकन किया गया। बैठक में जानकारी दी गई कि पिछले माह से जिला जींद का लिंगानुपात में दो अंक से सुधार हुआ है। यह 900 से 902 हो गया है केवल जुलाई माह का लिंगानुपात 804 था, जो अगस्त माह में 919 हो गया है। कुल 902 हुआ है।

### बिना एमसीटीएस नंबर के अल्ट्रासाउंड करना गैर कानूनी : सीएमओ

सीएमओ डा. सुमन कोहली ने बताया कि जिला में अब प्रजनन और बाल स्वास्थ्य (आरसीएच) आईडी और मां व शिशु ट्रैकिंग प्रणाली (एमसीटीएस) नंबर के बिना अल्ट्रासाउंड करना गैरकानूनी किया गया है। ऐसे में अब अल्ट्रासाउंड केंद्रों को किसी भी गर्भवती का अल्ट्रासाउंड करने से पहले आरसीएच व एमसीटीएस नंबर लेना अनिवार्य कया गया है। यह नियम सरकारी व निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर लागू कर दिया गया है। गर्भवती महिलाओं की प्रजनन व बाल स्वास्थ्य (आरसीएच) आईडी और मां व शिशु ट्रैकिंग प्रणाली (एमसीटीएस) नंबर के बिना अल्ट्रासाउंड किया गया तो अल्ट्रासाउंड केंद्र पर कार्रवाई की जाएगी। गर्भवतियों को गर्भधारण के तीन माह के भीतर आरसीएच आईडी और मां व एमसीटीएस में नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में पंजीकरण कराना होगा ताकि स्वास्थ्य विभाग उन्हें ट्रैक कर उन्हें स्वास्थ्य लाभ दे सके और उनकी संस्थानों में डिलीवरी करवा सके।

### एमटीपी किट बिक्री को लेकर जानकारी हासिल की

जिला जींद में एमटीपी की कीट की बिक्री को लेकर ड्रग कंट्रोल विभाग से जानकारी ली गई। जिसमें बताया गया कि सरकार के हिदायतों अनुसार जिले में एमटीपी किट की बिक्री पर होल सेल पर अंकुश लगाया गया है। सभी प्राइवेट संस्थाओं पर एमटीपी किट की बिक्री सरकारी संस्थाओं की देखरख में ही की जाएगी।

## अभिभावकों तथा स्कूल मुखिया के बीच हुई नोंकझोंक

# व्यवस्था से खफा अभिभावकों ने सरकारी स्कूल पर जड़ा ताला

खंड शिक्षा अधिकारी ने मौके पर पहुंच खुलवाया स्कूल से ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

विश्वकर्मा कॉलोनी स्थित शहीद हवा सिंह राजकीय प्राथमिक पाठशाला में फैली अव्यवस्था को लेकर मंगलवार को अभिभवकों ने स्कूल गेट पर ताला जड़ दिया। अभिभावकों का आरोप था कि स्कूल में पढ़ाई चौपट हो चुकी है। छात्रों की सुविधा भी नही दी जा रही है। आखिरकार शिक्षा विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और छात्र समस्या का समाधान करने का आश्वासन देकर ताला खुलवाया।

विश्वकर्मा कालोनी तथा आसपास इलाके के अभिवावक मंगलवार को सुबह स्कूल में पढने वाले बच्चों के साथ कालोनी स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला पहुंचे और गेट पर ताला जड़ दिया। स्कूल स्टाफ तथा छात्र स्कूल के बाहर खड़े रहे। अभिवावकों को कहना था कि स्कूल में सुविधा के नाम पर कुछ नही है। दो कमरों तथा छप्पर के नीचे स्कूल को चलाया जा रहा है। जिसमें पहली से पांचवी तक 131 छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

गर्मी से बचने के लिए स्कूल के छप्पर में दो कूलर रखे गए थे। उन्हें भी अध्यापक उठा कर घर ले गए। बच्चों को मिड- डे मील भी पूरा नही दिया जा रहा है। खेलते समय छात्रों को चोट लग जाती है तो परिजनों को बताया नही जाता। स्कूल में पढ़ाई भी अच्छे से नही करवाई जा रही है। स्कूल स्टाफ का अभिभावकों को लेकर व्यवहार ठीक नही है। एसएमसी कमेटी में भी स्टाफ अपने लोगों को रखते हैं। अभिभावको तथा स्कूल मुखिया के बीच नोंकझोंक भी हुई और एक दूसरे पर आरोप लगाए। अभिभावकों ने स्कूल को दो शिफ्टों में चलाने की मांग की। स्कूल पर ताला जडने सूचना पाकर खंड शिक्षा अधिकारी राजपाल देशवाल मौके पर पहुंचे और अभिभावकों को समझा बुझा कर गेट से ताला खुलवाया। उन्होंने कहा कि ताला लगाना समस्या का समाधान नही है। कोई समस्या है तो अधिकारियों को शिकायत दी जा सकती है। स्कूल के मुखिया प्रेम ने बताया कि कुछ लोग स्कूल के माहौल को बिगाडना चाहते हैं। जिसके चलते ताला लगाया गया है। स्कूल में कूलर वे किराये पर लेकर आए थे। जिस पर उन्हें वापस कर दिया गया। स्कूल गेट पर ताला लगा कर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाई गई है।



जींद। ताला जडने के दौरान बाहर खड़े बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### अध्यापकों को दिशा निर्देश दिए

*खंड शिक्षा अधिकारी राजपाल देशवाल ने बताया कि अभिभावकों के साथ बातचीत के बाद स्कूल से ताला खुलवा दिया गया है। स्कूल के दो कमरे तथा एक बरामदा है। स्कूल में 131 छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। अभिभावकों ने स्कूल को दो शिफ्टों में चलाने की मांग की है। संबंधित अध्यापकों को आवश्क दिशा निर्देश दिए गए हैं।*

## बेटियों को बचाने में सहयोग करें ग्रामवासी

# गिरता लिंग अनुपात हमारे देश के लिए घातक




जींद। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ को लेकर जागरूकता अभियान चलाए हुए स्वास्थ्यकर्मी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ढाठरथ के तहत गांव लोहचब में एमपीएचडब्ल्यू अमित शर्मा द्वारा गांव में नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से ग्रामवासियों को गिरता लिंगानुपात के नुकसान बताए। इस दौरान ग्रामीणों को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर शपथ भी दिलाई गई। अमित ने ग्रामवासियों को जागरूक करते हुए कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ एक महत्वपूर्ण अभियान है, जो भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया था ताकि बेटियों के प्रति समाज में सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया जा सके और उनकी शिक्षा को बढ़ावा दिया जा सके। यह अभियान बेटियों के लिंग अनुपात में सुधार लाने और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए काम करता है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान का उद्देश्य बेटियों के प्रति समाज में व्याप्त भेदभाव को कम करना और उनकी शिक्षा को बढ़ावा देना है। इस अभियान के तहत सरकार और समाज मिलकर बेटियों की रक्षा के लिए काम करते हैं।

### सजा और जुर्माना होगा

स्वास्थ्य कर्मियों ने पीएनडीटी एक्ट की जानकारी देते हुए कहा कि इस एक्ट के तहत लिंग जांच करना व करवाना, लिंग का चयन करना एक कानूनी अपराध है। जिसमें दोषी पाए जाने वाले को सजा व जुर्माने का प्रावधान है।

# एसयूसीआई ने ढांड में लगाया दिवसीय राजनीतिक शिक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड

मेहनतकश वर्ग की क्रांतिकारी पार्टी एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) की जिला कमेटी कैथल के तत्वावधान में ढांड पार्टी कार्यालय में मार्क्सवाद-लेनिनवाद व कामरेड शिवदास घोष की विचारधारा पर आधारित एक दिवसीय राजनीतिक शिक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर का संचालन पार्टी की केंद्रीय कमेटी के सदस्य कामरेड शंकर घोष ने किया। इस अवसर पर पार्टी के पोलिट ब्यूरो सदस्य कामरेड सत्यवान और राज्य सचिव कामरेड राजेंद्र सिंह ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के जिला सचिव कामरेड राजकुमार सारसा ने बताया कि कार्यक्रम में कामरेड शंकर घोष ने कहा कि मौजूदा हालात को देखते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं को अपनी राजनीतिक चेतना के स्तर को और ऊंचा उठाना होगा।



### राष्ट्रभक्त नेताओं के जीवन से प्रेरणा लें

*राज्य सचिव कामरेड राजेंद्र सिंह एडवोकेट ने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे शहीद भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसे क्रांतिकारियों व राष्ट्रभक्त नेताओं के जीवन से प्रेरणा लें। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता उच्च नीति व नैतिकता को अपने जीवन में उतारें और आम जनता की समस्याओं को लेकर संघर्षशील आंदोलनों में भागीदारी सुनिश्चित करें।*

## फतेहपुर के ग्रामीणों ने दिखाई एकजुटता, पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए एकत्रित की खाद्य सामग्री



पूंडरी। फतेहपुर चौपाल में खाद्य सामग्री एकत्रित करते हुए ग्रामीण।

**पूंडरी।** गांव फतेहपुर में ग्राम पंचायत और ग्रामीणों ने पंजाब में आई बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए सराहनीय पहल की है। गांव के सरपंच सोहनलाल वर्मा के नेतृत्व में पूरे गांव में राहत सामग्री एकत्रित करने का अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत मुनादी कर ग्रामीणों से अपील की गई कि वे अपने सामर्थ्य अनुसार खाद्य सामग्री डाकखाने के पास बड़ी चौपाल पर पहुंचाएं। सुबह 9 बजे से ही सरपंच प्रतिनिधि सौरव वर्मा और पंचायत सदस्य विशाल वालिया की अध्यक्षता में दर्जनों युवाओं ने राहत सामग्री इकट्ठा करने का कार्य शुरू कर दिया। धीरे-धीरे ग्रामीण भी आगे आए और आटा, चावल, गेहूं, चीनी, तेल, बिस्किट, पानी की बोतलें, चाय पत्ती सहित अन्य खाद्य सामग्री वहां जमा करनी शुरू कर दी। लोगों का यह योगदान शाम तक लगातार जारी रहा। सामग्री को ट्रक और अन्य वाहनों के माध्यम से जल्द ही पंजाब के बाढ़ प्रभावित इलाकों में भेजा जाएगा।

## एथलेटिक्स और बॉक्सिंग स्टेट लेवल कमपटीशन में किया बेहतरीन प्रदर्शन

**राजौंद।** सीबीएसई द्वारा आयोजित की गयी अथलेटिक्स और बॉक्सिंग स्टेट लेवल प्रतियोगिता अग्रोहा और गुरग्राम में आयोजित की गई। जिसमें अमर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। जिसमें विद्यार्थी अक्षित, कृष, चयन, मानिक, शिवम्, दिशा, यशमीन, इशिका, दक्ष, इशिका, सावी, प्रीत, वीरेन ने भाग लिया। इस दौरान जो फाइनल तक चयनित हुए वह है प्रतीक, प्रीत कृष और शिवम स्कूल में वापसी पहुंचने पर सरोज प्रिंसीपल प्रियंका ने सभी खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया और सभी बच्चों को भविष्य में ऐसे प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। पीटीआई मनदीप को शुभकामनाएं दी जिनके नेतृत्व और बच्चों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया।

# आइटीआइ में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग हरियाणा द्वारा युवा मामलों के तहत राजकीय आईटीआई कैथल में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंच का संचालन शमशेर मलिक कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों ने भाग लिया तथा बैंकों से मिलने वाली विभिन्न प्रकार की योजनाओं की वित्तीय जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य एवं जिला नोडल अधिकारी सतीस मच्छाल ने कहा कि यदि हम छात्र जीवन से ही छोटी-छोटी बचत करने की आदत डालेंगे तो यही आदत हमें एक सुनहरे भविष्य की ओर लेकर जाएगी। आज के कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में धर्मेंद्र कथूरिया ट्रेनर, नेशनल सेंटर फॉर फाइनेंशियल एजुकेशन द्वारा पब्लिक प्रोविडेंट फंड, फिक्स डिपाजिट, बैंकिंग बीमा योजना व लघु बचत की अनेक योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि हम छोटे निवेश से बड़ी राशि जमा कर सकते हैं।

# बीडीपीओ जगजीत सिंह ने ली खंड गुहला के सरपंचों की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी जगजीत सिंह ने सरपंचों की बैठक लेकर सम्भावित जल भराव की स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक सहयोग करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि गांव में किए गए प्रबंधों व अन्य महत्वपूर्ण जानकारी को जिला प्रशासन व स्थानीय प्रशासन के साथ सांझा जरूर करें। प्रशासन पूरी तरह से आपके साथ खड़ा है और हर संभव मदद की जाएगी। सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों पर ध्यान न दिया जाए और न ही पुरानी वीडियो को सोशल मीडिया पर जारी किया जाए। ग्रामीणों को इस बारे में पूर्णतः जागरूक किया जाए। कंडम बिल्डिंगों की पहचान की जाए और वहां पर किसी भी ग्राम वासी को न जाने दें। पशुओं के लिए चारे की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। खाली कट्टों व मिट्टी से भरे कट्टों की उपलब्धता अपने पास जरूर रखें। उन्होंने घग्घर से लगते गांव के सरपंचों से पूर्ण फीडबैक ली।

## चेन्नई में आयोजित हुई 27 अगस्त से 31 अगस्त तक प्रतियोगिता

# नेशनल किक बॉक्सिंग में भौंगरा की सगी बहनों ने गोल्ड जीते

रिद्धिमा ने 13 से 15 आयु वर्ग में विद्धिका ने 10 से 12 आयु वर्ग में जीत हासिल की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

किक बॉक्सिंग में निरंतर बांगर के भौंगरा गांव की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सगी बहने निरंतर मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही है। 27 अगस्त से 31 अगस्त तक जवाहर लाल नेहरू इंडोर स्टेडियम चेन्नई में आयोजित नेशनल किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भौंगरा गांव की सगी बहनों ने गोल्ड मेडल जीत कर बांगर क्षेत्र के नाम को रोशन करने का काम किया। प्रमुख समाज सेवी ओमप्रकाश भौंगरा की पोती एवं बिजनेसमैन सुरेंद्र कौशिक की दोनों बेटियां निरंतर किक बॉक्सिंग प्रतियोगिताओं में राज्यस्तर से लेकर अंतराराष्ट्रीय स्तर तक पदक जीत कर नाम रोशन करने का काम कर रही है। रिद्धिमा कौशिक ने 13 से 15 आयु वर्ग में 55 किलोग्राम वर्ग में किक एवं लाइट कांटेक्ट में गोल्ड मेडल जीते, विद्धिका कौशिक ने 10 से 12 आयु वर्ग में 37 किलोग्राम वर्ग में लाइट कांटेक्ट एवं किक लाइट में गोल्ड मेडल जीतने का काम किया। दोनों बहनों ने बताया कि उनकी बचपन से ही रूचि किक बॉक्सिंग में है। परिवार ने निरंतर इस खेल में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। सुरेंद्र कौशिक ने बताया कि बेटी किसी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं है। इस खेल में रिद्धिमा, विद्धिका बेहतर प्रदर्शन कर रही है। गोल्ड मेडल जीतकर वो अपने परिवारए गांव एवं प्रदेश का नाम रोशन करने का काम कर रही है। आज खेल के माध्यम से भी परिवार एवं क्षेत्र का नाम रोशन युवा कर सकते है। दोनों बहने क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन रही है। बेटियां आज शिक्षा के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में निरंतर आगे आ रही है जो भविष्य के लिए अच्छे संकेत है। अभिभावक भी अब बेटियों को खेलों में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित कर रहे है।



जींद। किक बॉक्सिंग में विजेता रिद्धिमा कौशिक।



जींद। किक बॉक्सिंग में विजेता विद्धिका कौशिक।

### क्षेत्र के लिए गर्व की बात : ओमप्रकाश

*ओमप्रकाश भौंगरा ने कहा कि किक बॉक्सिंग के खेल में दोनों पोती मेडल जीत रही है। ये क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। ग्रामीण अंचल में बेटियों के लिए दोनों बहने रोल मॉडल बन रही है। शिक्षा के साथ.साथ बेटी खेलों पर भी ध्यान देने लगी है।*